GOVERNMENT BILLS

THE PREVENTION OF FOOD ADULTERATION (EXTENSION TO KOHIMA AND MOKOKCHUNG DISTRICTS) REPEAL BILL, 2002

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI A. RAJA): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Prevention of Food Adulteration (Extension to Kohima and Mokokchung Districts) Repeal Bill, 2002.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI A. RAJA: Sir, I introduce the Bill.

MR. CHAIRMAN: Let us now take up further discussion on the Medical Termination of Pregnancy (Amendment) Bill, 2002. Now, Mr. Sarath Kumar.

THE MEDICAL TERMINATION OF PREGNANCY (AMENDMENT) BILL, 2002 -- *Contd.*

SHRI R. SARATH KUMAR (Tamil Nadu): Thank you Mr. Chairman, Sir. It is a proud moment for me to make my maiden speech today in this august House. I belong to the film industry. Like our hon. Minister for Health and Family Welfare, Shri Shatrughan Sinhaji, who had introduced his maiden Bill in this House, I am also delivering my maiden speech today in this august House. We belong to the same profession. When I stand today before the hon. Chairman and the august House, I am reminded of the days when I entered the film industry. Sir, by the time I entered the film industry, the hon. Minister was already there. He was a part of the team. The hon. Minister was there but we could not come close. Here we have become closer. Now, I am making my maiden speech on this Bill, the Medical Termination of Pregnancy (Amendment) Bill. I am very proud to support this Bill which has been introduced by none other than my colleague in the industry, hon. Minister, Shri Shatrughanji. I congratulate him. A man from the film fraternity has taken charge of Health, which is of utmost importance in this country.

Before I proceed further, I would like to place on record my deep sense of gratitude to my party President, my mentor, philosopher and guide, Dr. Kalaignar Karunanidhi, for having bestowed this opportunity on me to represent the people of Tamil Nadu and the country as a whole. I thank him and I am sure he is blessing me from Tamil Nadu. He must be listening to me. He must be thinking in his mind that I am making my maiden speech here. I also wish to thank my fans, without whom I would not have got popularity in films and then, of course, in politics. I thank my fans and all the party workers who have been supportive in bringing me to this august House.

Now, I am glad that I have got an opportunity to express some of my observations and give some suggestions on the Bill that has been introduced by the hon. Health Minister. There has been an extensive discussion since yesterday on this Bill. Most of the Members who participated in the discussion are women. This clearly shows the concern of the women Members of this august House for women in the society.

The Medical Termination of Pregnancy Act, 1971, clearly indicates that the performance of MTP should be done only under legally permissible circumstances and it also deals with penalties for violation of the law. The present Amendment, which is under consideration of the House today, brings major amendments to the parent Act of 1971. The main objectives of the amendments are: to change the crude expression 'lunatic' to a more civilized expression 'mentally ill person.' This, definitely, is a very encouraging move. I would say that it is a good gesture and it is a very civilized expression that has been used for the underprivileged in our society. I definitely commend the hon. Minister for this wonderful change.

The other major amendments are : De-centralised arrangement for approval of the MTP centres, stringent punishment for unqualified persons who carry out MTP and stringent punishment for running of unauthorised centres for MTP. With all these welcome amendments, the Medical Termination of Pregnancy (Amendment) Bill, 2002, has the major objective of reducing the maternal morbidity and mortality. Sir, I would like to mention here that, according to the latest National Family Health Survey, the Maternal Mortality Rate in India is 540 per one lakh child-births, which is an alarming figure when compared to developed countries. In the case of developed countries, the Maternal Mortality Rate is just 7-8 per one lakh

child-births. This condition is due to untrained medical practitioners and unhygienic conditions that are prevalent in the country. It is heartening to note that the present amendment provides for effective regulation of places and persons involved in the medical termination of pregnancy and it provides for severe punishment for the unauthorised. I strongly support the Bill.

I would like to stress on some of my suggestions and observations. There are many laws which had been enacted by the Parliament, But how many of them are implemented effectively? If you ask me, I would definitely say, I would vehemently say, I would authoritatively say that laws are not effectively implemented in our system. I would like to request the hon. Minister to take care that the laws are implemented properly. I would like to quote a few examples of the laws that exist in this country, but are not effectively implemented. I may slightly deviate or go in aberration to point out how laws are not adhered to in this country. Sir, I belong to the film industry. I have acted in eighty-nine films. I have been watching films right from college days, and have been following the industry. The industry had been in a very healthy state. Now, to prevent the Video Piracy, the Copy Rights Act is there, but it is not implemented properly. The film industry is slowly dying. It is dying because the effective implementation of laws is not there. The film industry is paying lots and lots of entertainment taxes, and is slowly dying. Sir, I am deviating from the subject, but I would like to say in Parliament that if the laws are implemented in the right perspective, we could achieve the goals and aims of the laws.

The other thing I would like to mention here is about the reasons for such deaths. I would like to draw the attention of the hon. Minister to the poor conditions of Government hospitals, which are supposed to serve the poor. They are not equipped well. They do not have proper facilities, equipments, drugs and medicines. There are no sufficient resources to run the Government hospitals. Once, I was returning from Ooty after completing my shooting schedule. I saw an accident on the way. I took three injured people to a Government hospital. I am ashamed to say that that seemed to be a mortuary rather than a hospital. The conditions of Government hospitals should change. The poor people cannot afford to go to private hospitals because they can't bear the exorbitant cost of treatment. The unauthorised termination of pregnancy is done in such hospitals. These hospitals lure the poor people. They lure the uneducated people to come

and get the termination done. Of course, the monetary benefit goes to the hospital. Then, there are loopholes in the investigation system. There is poor prosecution of wrong-doers. I would like to request the hon. Minister to take effective measures so that laws could serve their purpose.

In this connection, I would like to bring to the notice of this august House that the other major issue in our country is "sex selective termination", on which Savitaji and some other hon. Members have spoken extensively. Foetus sex determination by misuse of ultrasound machines has become a common practice in our country. The consequence has been a high rate of abortion of female foetuses. In Delhi, one in seven female foetuses are aborted currently.

The overall sex ratio in our country is adverse to women. There are only 933 women per 1000 men. The average is much lower than 933 in several States. I am told, in Punjab, it is 733. I may be corrected, if I am not right. Distortion of sex ratio has serious demographic and social implications. Reduction in the female population may result in serious shortages of human power in several sectors of employment. Women may become scarce, and we may not have, if you see the lighter side of it, heroines to work with in our country. So, this is a very serious demographic situation that we are facing. Its social implications will be very high. In future, we may not have women Members here. So, we should take... (*Interruptions*)... So, there is an urgent need to prevent the occurrence of such a disastrous situation in our country.

Sir, the Act states that the punishment will be imprisonment for two to seven years. I think it should be more than that. I want to know why POTA cannot be applied to this. This is also another form of annihilation of human resources. Terrorism kills people, and these unethical practitioners kill women. Why cannot POTA be applied to them? They are annihilating the entire society of women. There will be no women in the country. It is another form of terrorism in our country. I think the Minister should take cognisance of this and take stringent measures to see that these offenders are brought to book and are punished. I would like to go a little further to say that their photographs, their names and the hospital names should be gazetted and sent all over the country as is done in the case of criminals who are wanted. Then only these unethical practitioners will stop killing female foetus and will stop killing the women of our country.

Sir, I am given to understand that the Health Minister is proposing to place the Pre-natal Diagnostics Amendment Bill before the Parliament. I, therefore, place my request before the hon. Minister to bring in suitable amendments in the present PNDT Act to curb sex selective pregnancy termination and sex selective pre-implantation genetic methods. This will send a positive social message on the security and dignity of the girl child and the need for creating a conducive social environment for her survival. It will also send a powerful warning to the unethical practitioners who are abusing medical technology.

Before I conclude, I would like to mention that my mentor, my philosopher and my guide, Dr. Kalaignar Karunanidhi, during his regime, had given financial assistance to pregnant mothers before and after the birth of the child. To save mothers from malnutrition, compulsory observation cards were issued to pregnant mothers from six months onwards till delivery to enable them to take proper, free, medical treatment to ensure the physical and mental health of both mother and child. These steps were taken during his regime. We are proud that women were taken care of during our regime.

Before I conclude, I request the hon. Minister to take note of the suggestions and observations made by me. I, once again, congratulate the hon. Minister on bringing in a commendable amendment. I think the Members of this august House, that is, this House of Elders -- from what I have seen in the past one year that I have been in this House -- should concentrate more on the cause of the society in general. We should think of the people at large. We should cut across party lines. We should be involved less in polity and more in governance. So, let us all strive to create a society without caste, creed, religion and language. Thank you.

श्री मूल चन्द मीणा (राजस्थान): सभापति महोदय, गर्भ का चिकित्सीय समापन विधेयक, 2002 के समर्थन के लिए मैं खड़ा हुआ हूं। 31 साल के बाद इस बिल के अंदर संशोधन हुआ है। हमारे देश के अंदर जो पुरुष प्रधान समाज है उसमें महिलाओं को सेकेंडरी गिना गया है। पहले हमारे समाज के अंदर कई जातियां तो ऐसी थीं जहां लड़कियों को पैदा होते ही मार दिया जाता था। लेकिन अब चिकित्सा के विकास के कारण लड़की को पैदा होने से पहले ही गर्भ में मार दिया जाता है। यह एक ऐसी शिक्षा, एक ऐसा वातावरण देश के अंदर पैदा हो गया है। इसको रोकने के लिए यह बिल लाया गया है इसलिए यह बहुत अच्छी बात है। पहले नैतिकता और सामाजिक डर होता था, लड़कियों को मारने पर लोगों को समाज का डर रहता था, उन्हें यह डर रहता था कि कहीं समाज हमें अलग न कर दे। आज बहुत से ऐसे चिकित्सालय हैं, जिनका कहीं रजिस्ट्रेशन नहीं है, वे प्राइवेट प्रेक्टिशनर हैं, वे स्त्री रोग विशेषज्ञ

नहीं हैं, उन्हें अनुभव नहीं हैं। कई बार भ्रूण हत्या करते समय महिलाओं की मृत्यु भी हो जाती है, महिलाएं मर जाती हैं, उनके रख-रखाव पर ध्यान नहीं दिया जाता है और उनके जीवन के साथ खिलवाड़ होता रहता है। लोगों ने गली-गली, गांव-गांव के अंदर चिकित्सालय खोल रखे हैं और उनका कहीं रजिस्ट्रेशन नहीं होता है, उन्हें कोई अनुभव नहीं होता है, वे इंजेक्शन लगाने के लिए एक प्रमाण पत्र ले आते हैं और इस काम को करने लग जाते हैं। इसलिए यह बहुत जरूरी था कि कठोर कारावास की व्यवस्था इसके अंदर की जाए। लेकिन कानून बनाने से पहले उसमें कुछ लीकेज़ रह जाते हैं। कानून बनाया तो अच्छे के लिए जाता है लेकिन इसको तोड़ने वाले कुछ न कुछ इसके अंदर लकूना ढूंढ लेते हैं, जिनका फायदा उन्हें मिल जाता है। जैसे इसी के अंदर हम संशोधन कर रहे हैं कि पागलपन के बजाय मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति। आपने पागलपन शब्द को हटाकर मानसिक रूप से पीड़ित व्यक्ति कर दिया है। यदि किसी के घर वाले किसी महिला के पेट के अंदर पल रही बच्ची को खत्म करवाने के लिए उसका गर्भपात करवाना चाहते हैं तो वे उस महिला को मानसिक रूप से पीड़ित बता देंगे। ऐसे क्लूज़ को रोका जाना चाहिए, जिससे कि कानून का दुरुपयोग न हो सके। इसको रोकने के लिए हम कानून में व्यवस्था कर रहे हैं, लेकिन मानसिक रूप से पीड़ित होने की जो धारा आपने रखी है, इसके बारे में मेरा सुझाव है कि आप इसमें संशोधन कीजिए। आप ऐसी व्यवस्था करिए जिससे कि यह बात प्रमाणित हो कि संबंधित महिला वास्तविक रूप में मानसिक रूप से पीड़ित है। जो चिकित्सालय चल रहे हैं, उनका चयन करने के लिए, स्थान तय करने के लिए जिला अधिकारी और सीएमओ के अंडर में एक कमेटी बनाने की बात कही है। लेकिन उस कमेटी में कौन-कौन लोग होंगे। इसके बारे में मेरा सुझाव है कि इस कमेटी में केवल डाक्टर्स ही नहीं हों, बल्कि उसमें दो आदमी सामाजिक कार्यकर्ता और दो महिलाएं होनी चाहिएं। तभी पता चल सकता है कि इस काम को सही लोग कर रहे हैं, अनुभवी लोग कर रहे हैं, इस बात का ज्ञान हो सके।

सभापति महोदय, मैं कह रहा था कि भ्रूण हत्या और गर्भ समापन के कारण आज देश में महिलाओं की संख्या कम होती जा रही है। जो अनुपात महिलाओं का पहले था वह कम होता जा रहा है। पिछली जनगणना 1991 में हुई थी और अब 2001 में हुई है। इस जनगणना की रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं की संख्या कम होती जा रही है। यदि इसी प्रकार से गर्भ समापन और भ्रूण हत्या होती रही तो महिलाओं की संख्या पुरूषों के मुकाबले में निश्चित रूप से कम हो जायेगी। मेरा सुझाव है कि गर्भ के अंदर लड़का-लड़की की जो जांच की जाती है, उस पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। यदि इस पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाया गया तो महिलाओं की संख्या का अनुपात कम होता चला जायेगा और एक दिन ऐसा आयेगा कि लोग महिलाओं के लिए आपस में लड़ेंगे, संघर्ष करेंगे। यदि पुरूषों की संख्या बढ़ती जायेगी और महिलाओं की संख्या कम होती जायेगी तो झगड़े होंगे ही। इसलिए सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि महिलाओं का जो अनुपात घटता जा रहा है उसको रोकने के लिए आप स्पेसिफिक कदम उठायें, जिससे कि महिलाओं की संख्या कम न हो और वह पुरूषों के बराबर रहे। महिलाओं का जो अनुपात कम होता जा रहा है वह इस देश के लिए खतरे की घंटी है। आपने धारा 2 के खंड (ख) में लिखा है कि उपबंधों का उतना भाग इस धारा के प्रयोजनों के लिए, लागू नहीं होगा, जितना रजिस्ट्रीकृत चिकित्सा-व्यवसायी के स्त्री रोग विज्ञान और प्रसूति विज्ञान में अनुभव या प्रशिक्षण प्राप्त करने के संबंध में है। यह बहुत अच्छी बात है। इसका प्रभाव पड़ेगा। जो डाक्टर्स इस काम को करने के लिए गांवों में दुकान खोलकर बैठे हैं, इससे उन पर

रोक लग जायेगी। लेकिन इस काम को करने के लिए शक्ति चाहिए और वह शक्ति इस बिल के माध्यम से नहीं आ रही है। आप दूसरा बिल बनाकर के लाइये और उसमें शक्ति दीजिए, जिससे कि यह गलत काम रूक जाए। इस देश में महिलाओं की संख्या घटाने का जो काम हो रहा है, महिलाओं के गर्भ के अंदर बच्चियों की हत्या करने का जो काम हो रहा है, उनको मारने की बात है, वह रूकना चाहिए। आज हम हत्या की बात करते हैं, आतंकवादियों की बात करते हैं कि आतंकवादी देश के अंदर हत्याएं कर देते हैं, लेकिन पढ़े-लिखे डाक्टर, विशेषज्ञ ये क्या कर रहे हैं ? आज देश के अंदर...

MR. CHAIRMAN: Mr. Meena, now, it is one o'clock. You can continue after lunch. The House is adjourned for lunch till two o'clock.

The House then adjourned for lunch at one of the clock

The House reassembled after lunch at two minutes past two of the clock,

THE DEPUTY CHAIRMAN in the Chair

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM (Uttaranchal) : Welcome, Madam.

उपसभापति : वेलकम तो ठीक है पर हाऊस में तो बहुत कम लोग हैं ।

श्री संघ प्रिय गौतम : मैडम, आप हैं तो सब लोग हैं ।

उपसभापति : वह तो ठीक है । मैं तो रहने वाली हूं, मैं कहीं जा नहीं रही हूं मगर सवाल यह है कि हाऊस में जब इतने इंपॉर्टेंट बिल आते हैं तो लोग तो मौजूद होने चाहिए । देखिए, साहिब सिंह जी भी आज हमारे हाऊस में हैं, ये पहली बार आए हैं । साहिब सिंह जी.....इधर, चेयर आपसे नमस्कार कर रही है ।

श्रम मंत्री (श्री साहिब सिंह वर्मा) : नमस्कार मैडम ।

THE DEPUTY CHAIRMAN: There should always be a sense of humour. Otherwise, life becomes difficult.

श्रीमती सविता शारदा (गुजरात) : मैडम, आप आती हैं तो सबको बहुत अच्छा लगता है ।

उपसभापति : अच्छा लगता है, इसीलिए मैं आती जाती रहूंगी ।

श्री नरेन्द्र मोहन (उत्तर प्रदेश): मैडम, आती रहेंगी, जाएंगी नहीं ।

SHRI N. JOTHI (Tamil Nadu): Madam, now that you have come, more Members would come to the House.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I wish more people were here now.

श्री दिनेश त्रिवेदी (पश्चिमी बंगाल) : मैडम, आप आए बहार आई ।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Thank you very much. All this is going to be a part of the record. Kindly remember it. मूल चन्द मीणा जी, आप अपना भाषण समाप्त करने वाले हैं ?

श्री मूल चन्द मीणा : जी हां, मैडम, समाप्त ही करूंगा ।

उपसभापति महोदया, मैं गर्भ का चिकित्सीय समापन (संशोधन) विधेयक, 2002 के संदर्भ में यह कह रहा था कि इस समाज में हमारे देश में लड़कियों को सेकेंडरी समझा जाता है।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Agreed.

श्री मूल चन्द मीणा : पहले हमारे समाज में कई ऐसी जातियां थीं जिनमें बच्ची पैदा होने के बाद उसकी हत्या कर दी जाती थी लेकिन विज्ञान के युग में आने के बाद अब स्थिति बदल गई है । गर्भवती स्त्री के गर्भ में पल रहे बच्चे का कोई अंग भंग तो नहीं है, बच्चा बीमार तो नहीं है, उसे किसी प्रकार की कोई बीमारी तो नहीं है, इसकी जांच के लिए अब सोनोग्राफी कराई जाती है लेकिन अब इसका दुरुपयोग होने लगा है और लोग यह देखने लगे हैं कि गर्भ में पल रहा भ्रूण बच्चा है या बच्ची है ? यदि बच्चा है तो ठीक है और यदि बच्ची है तो उसकी भ्रूण हत्या करा देते हैं, गर्भपात करा देते हैं । इसलिए हमारे समाज में स्थिति सुधरने के बजाय और बिगड़ रही है । इसको रोकने के लिए आप यह जो बिल लाए हैं, इसमें कोई कठोर कदम नहीं है । मेरा निवेदन है कि आप एक दूसरा बिल लाइए और कठोर कदम उठाइए जिससे कि इन हत्याओं पर, जो जन्म से पहले ही कर दी जाती हैं, इन पर रोक लगाई जा सके । महोदया, मैं इस बिल के सपोर्ट में यही कहना चाहता हूं, धन्यवाद ।

उपसभापति : मीणा जी, आपके कितने बच्चे हैं ?

श्री मूल चन्द मीणा : दो बच्चियां और एक बच्चा ।

श्री संघ प्रिय गौतम : इनके यहां शादी होती है।...**(व्यवधान)** ....

श्री मूल चन्द मीणा : हमारे यहां नहीं होती है। ...**(व्यवधान)**...

उपसभापति : इनके यहां नहीं होती है। सरोज जी।

श्रीमती सरोज दुबे (बिहार) : माननीय उपसभापति महोदया, माननीय मंत्री जी जो गर्भ का चिकित्सीय समापन (संशोधन) विधेयक, 2002 लाए हैं, मैं इसका स्वागत करने के लिए विवश हूं। यह एक बहुत छोटा सा संशोधन है लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह भ्रूण हत्या में कोई रोक लगा पाएगा। क्योंकि पहले से जो बिल आए हुए हैं उनसे ही कुछ नहीं हो पाया और तेजी से हत्याएं बढ़ रही हैं। लेकिन फिर भी आपने कुछ कदम उठाए, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने सदन को यह आश्वासन दिया था कि हम जब अगली बार आएंगे तो एक व्यापक बिल, काम्प्रिहेंसिव बिल लाएंगे, जो सभी पहलुओं को लेकर एक ऐसा कानून बनेगा जिससे कि इस पर रोक लग सके। मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करूंगी, आप लोग आए हैं, शत्रुघ्न सिन्हा जी आए हैं, आप एक ऐसा विधेयक लाएं जिसमें नई तकनीकी का जो विकास हो रहा है, उसका भी ध्यान रखें और साथ ही साथ नित्य बदलती हुई जो प्रौद्योगिकी है, उसका भी ध्यान रखें। मैडम, विज्ञान की तरक्की हो रही है, विज्ञान मंत्री भी यहां बैठे हुए हैं, बड़ी खुशी की बात है। लेकिन वह विज्ञान की तरक्की हमारे ही ऊपर, हमारी ही जान की मुसीबत बनकर आती है। जितनी नई टैक्नीक आती हैं, हमारी जान का खतरा बन जाती हैं। इसलिए मैंने यह निवेदन किया है कि विज्ञान की नई प्रौद्योगिकी का भी ध्यान रखते हुए एक ऐसा बिल बनाएं जिससे विज्ञान के बढ़ते हुए जो हमारे ऊपर खतरे मंडरा रहे हैं, उन पर हम नियंत्रण कर सकें। क्योंकि यहां पुरुष प्रधान समाज है। यहां कन्या सन्तान का जन्म अभिशाप माना जाता है। कन्या का जन्म होने पर उसकी मां को भी दंडस्वरूप प्रताड़ित किया जाता है। बेटी के पैदा होने पर शंख या घंटा नहीं बजता, फूटी थाली बजाई जाती है। गर्भ का चिकित्सीय समापन 1971 में शुरू हुआ, अपनी यात्रा करते-करते यहां तक पहुंच गया। लेकिन भ्रूण हत्या का जो भयावह, शर्मनाक सिलसिला है, वह बन्द नहीं हुआ बल्कि बढ़ता चला गया। विज्ञान बड़ी नई-नई खोज करता जा रहा है। विज्ञान मंत्री सुनते ही नहीं है। ...**(व्यवधान)** ...

उपसभापति : विज्ञान मंत्री जी, ये आपका भी ध्यान खींच रही हैं। मुरली जी, आपसे भी कुछ कह रही हैं। आप विज्ञान के मंत्री हैं तो आप भी कुछ मदद करिए।

श्रीमती सरोज दुबे : मैंने कहा कि विज्ञान ने तरक्की की ...**(व्यवधान)** ...

उपसभापति : आपके सुनने की बात नहीं है?

मानव संसाधन विकास मंत्री विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री एवं महासागर विकास मंत्री (डा. मुरली मनोहर जोशी) : हम वह काम कर रहे हैं जिससे भ्रूण हत्या बन्द हो।

श्रीमती सरोज दुबे : हां, हम वह मानते नहीं हैं, लेकिन वह हमारे ऊपर भी छुरी बनकर गिर गया है। मैडम, दसवीं लोक सभा में जब ज्वाइंट कमेटी बनी थी तो उसमें हम लोगों को कई जगह जाने और अध्ययन करने का मौका मिला था। जब हम लोग महाराष्ट्र गए, वहां पर हमने देखा कि इसका एक योग्य प्राधिकरण बनता है, एक सलाहकार बोर्ड बनता है। उसमें

वही लोग सदस्य थे जो ऐसा क्लीनिक चलाकर लखपति बन गए थे। इस तरह की जो बातें हो रही हैं, इससे तो इस पर रोक नहीं लग सकती। बिल्ली को ही दूध की रखवाली का अधिकार दे दिया गया था। मुम्बई की एक संस्था द्वारा एकत्रित किए गए आंकड़ों के अनुसार, मुम्बई के अस्पतालों में आठ हजार में 7995 भ्रूण हत्याएं हुईं, केवल पांच लड़के थे बाकी सब लड़कियां थीं। आप समझ लीजिए कि यह रेश्यो चल रहा है। यह एकमात्र संयोग ही नहीं हो सकता है। यह पितृसत्तात्मक समाज में बेटे के प्रति जो लालसा है, उसी का यह परिणाम है। इसीलिए बालिका भ्रूण हत्याएं एक सहज प्रकिया के रूप में स्थापित हो गई है और नित्य यही काम होते जा रहे हैं। हमारे समाज में, परिवार में केवल बालिकाओं के साथ अमानवीय बर्ताव नहीं होता, अमानुषिक बर्ताव भी होता है। लड़कियों और लड़कों में बचपन से ही भेद किया जाता है। बालिकाओं को जन्म लेते ही मार दिया जाता है।मैडम, बालिकाओं की हत्या करने के लिए 70-80 तरीके बने हुए हैं। तम्बाकू खिला दी जाती है,उनके मुंह में नमक डाल दिया जाता है। बड़ा सा दूध का तसला लेकर बड़े विधि मंत्र बोलकर उसमें डुबाकर मार दिया जाता है। तकिया से गला दबाकर मार दिया जाता है, चारपाई का पाया रख दिया जाता है। कितने सारे तरीके हैं उनको मारने के लिए। बहुत जगह तो जो उसकी नाल होती है उसी को उसके मुंह में डाल दिया जाता है, इतने घिनौने, वीभत्स तरीके हैं। उस नन्हीं सी बालिका का कसूर केवल इतना है कि वह बालिका है। इस तरह से उन्हें मारने की साजिश चल रही है । राजस्थान में अनेक गांव ऐसे हैं जहां कोई बारात ही नहीं आई । जोधपुर के पास एक गांव है देवरा, वहां 115 साल के बाद बारात आई क्योंकि 115 साल के बाद पता नहीं कैसे एक लड़की बच गई । उसकी शादी हुई तो वहां ढोल-नगाड़े बजे । तमिलनाडु में भी यह प्रक्रिया बराबर चल रही है । वहां तो जन्म के साथ ही लड़की को मौत के घाट उतार दिया जाता है । हम वहां गए थे तो वहां अजन्मी बेटी का गीत तमिल में सुनाया गया जिसका मूल था कि वह अपने अप्पा से पूछती है कि "ससुराल जाने से पहले श्मशान क्यों भेज दिया । नाल काटने से पहले ही गला क्यों घोट दिया।" इस तरह के दर्द महिलाएं महसूस करती हैं लेकिन कह नहीं पाती हैं क्योंकि यह पुरुष प्रधान समाज है । वर्त्तमान स्थिति यह है कि राजस्थान और बिहार में सौ में से साठ बालिकाएं जन्म लेती हैं । कितना बड़ा फर्क है । 1981 में एक सर्वे हुआ था तब हमारी संख्या 972 थी और 1991 में जो सर्वे हुआ है उसमें महिलाओं की संख्या 1000 हजार में केवल 927 ही रह गई है । समाज में एक असंतुलन बढ़ता चला जा रहा है । स्त्री और पुरुष की संख्या में जिस प्रकार से असंतुलन बढ़ता चला जा रहा है वह एक बहुत ही खतरनाक स्थिति है । जनसंख्या नियंत्रण के नाम पर लिंग भेद में बालिकाओं की ही हत्या की जा रही है । एक सर्वेक्षण में 1978 से 1983 में पांच साल में 1,78,00,000 बालिकाओं की भ्रूण हत्या हुई । 1984 में केवल मुंबई में ही 40,000 भ्रूण हत्याएं हुईं । केवल एक ही क्लिनिक में 16,000 हत्याएं हुईं । यह बात कल हमारी बहिन ने भी बताई थी । इस तरह का घृणित काम धड़ल्ले से हो रहा है । कोई रोक-टोक नहीं है । आपका कानून अपनी जगह विराजमान है। कानून में कोई कमी नहीं है । लेकिन उसका इम्प्लिमेंटेशन नहीं किया जा रहा है । या तो कानून में खामी है या फिर इम्प्लिमेंटेशन करने वाली एजेंसी उसे इम्प्लिमेंट नहीं करना चाहती है, या फिर कानून अव्यावहारिक है। ...**(व्यवधान)** ...मैडम, गलती से बज गई क्या?

उपसभापति : नहीं, कोई गलती नहीं हुई, आप बहुत अच्छा बोल रही हैं मगर समय का ध्यान रखना पड़ता है ।

श्रीमती सरोज दुबे : पंजाब, हरियाणा ...**(व्यवधान)** ...

THE DEPUTY CHAIRMAN: I have to terminate something.

SHRIMATI SAVITA SHARDA: Time?

THE DEPUTY CHAIRMAN: Her speech.

श्रीमती सरोज दुबे : मैं बहुत जल्दी-जल्दी कर रही हूं । इस जगह पर सबसे ज्यादा सैक्स डिटरमिनेशन के सैंटर्स हैं और यहीं पर सबसे ज्यादा हत्याएं होती हैं । एक मोटी रकम लेकर यह काम चल रहा है । लेकिन इन सातों डिस्ट्रिक्ट से आज तक कहीं भी, कोई रिपोर्ट, कोई मुकदमा आज तक दर्ज नहीं हुआ है । यह कानून अपनी जगह बरकरार है । भ्रूण हत्या अपनी जगह चल रही है । लेकिन कोई भी मुकदमा दर्ज नहीं कर रहा है । यह व्यवस्था कानून का मखौल उड़ा रही है । सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक निर्देश में, एक निर्णय में कहा है कि लिंग परीक्षण से संबंधित कानून की पुनः व्याख्या की जरूरत है । सुप्रीम कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया था कि जितने भी बिना लाइसेंस क्लिनिक चल रहे हैं, सभी अल्ट्रा साउंड मशीनों को बंद कर दिया जाना चाहिए । सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि उनकी सूची मंगाई जानी चाहिए । अगर सूची नहीं मिलती है तो जहां से ग्राहकों ने अल्ट्रा साउंड मशीन खरीदी हैं उनसे उनके ग्राहकों की सूची ली जानी चाहिए लेकिन इसके बाद भी, सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद भी कोई ऐसा कदम नहीं उठाया गया । दिल्ली में कुछ जगहों पर छापे पड़े तो क्या पाया कि जो लड़के बेराजगार हैं, जिनका डॉक्टरी से कोई मतलब नहीं है, जिनका टैक्नीकल लाइन से कोई मतलब नहीं है उन्होंने एक अल्ट्रासाउंड की मशीन रख ली और खुलेआम यह धंधा कर रहे हैं । इसमें कितने लोग मर जाते हैं, क्या होता है, इससे उनका कोई लेना-देना नहीं है । अभी जब छापे पड़े तो उसमें तमाम लोग पकड़े गए । तमिलनाडु के सर्वेक्षण में पाया गया है कि 2000 में से 895 क्लिनिक ऐसे चल रहे हैं जिनका कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है, जिनका कोई हिसाब-किताब नहीं है । सुप्रीम कोर्ट ने जो निर्णय दिया वह तो कानून के तहत दिया है लेकिन इसके मूल में जाने की जरूरत है क्योंकि मूल में जाने पर ही पता चलेगा कि हमें लड़कियां क्यों भारी लगती हैं ? इसके पीछे हमारी सामाजिक व्यवस्था है । इसका सबसे बड़ा कारण दहेज है । दहेज के कारण लड़की के पिता की क्या स्थिति होती है । लड़की के पिता को सब कुछ झेलना पड़ता है । संपत्ति के बंटवारे को लेकर ही बालिकाओं के साथ यह भेद बरता जाता है । उनका बेरहमी से गला घोंट दिया जाता है । एक तरफ तो उसे जन्मदात्री कहते हैं, अन्नपूर्णा कहते हैं और उसके बाद उनके साथ यह कर दिया जाता है । मैडम, मैं आपको यह बताना चाहती हूं कि इसमें जो संशोधन लाए हैं, इस अधिनियम की उपधारा (2) में इन्होंने पागल शब्द रखा है । पागल शब्द को हटाकर मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति की बात है । तो मेरा यह कहना है कि पागल शब्द था ...(**व्यवधान**)... तो उसमें मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति की परिभाषा बहुत व्यापक है और आप जानती हैं कि इस हिंदुस्तान में बहुओं की क्या स्थिति होती है। मां को यह बार बार कहा जाएगा कि तुम्हारे बच्चे का एबार्शन कराना है, एबार्शन कराना है, तो वह वैसे ही मानसिक रोगी हो जाएगी। इसमें यह शब्दावली स्पष्ट नहीं है। इसमें आपको यह भी डालना चाहिए था कि दो मानसिक रोग के चिकित्सकों का सर्टिफिकेट भी चाहिए वरना हर संरक्षक जो है वह अपनी बहू को मानसिक रोगी बताकर तुरंत उसका एबार्शन करा देगा क्योंकि उसको बेटी नहीं चाहिए। इसलिए आपसे मेरा निवेदन है कि आप यह संशोधन जो लाए हैं इसके कोई मायने नहीं हैं। यह

तो और भ्रामक स्थिति पैदा कर रहा है। पागल तो कम से कम दिखाई देता है। लोग समझ जाते हैं। लेकिन मानसिक रोगी की तो कोई पहचान ही नहीं है। वह सो रहा है तो पता नहीं चलता है। इसलिए मेरा आपसे निवेदन है कि आप इस पर फिर से विचार करें। इसकी शब्दावली को स्पष्ट करें।

दूसरा यह था कि भारतीय दण्ड संहिता के अंतर्गत जो रजिस्ट्रीकृत चिकित्सक व्यवसायी नहीं हैं इनको कठोर कारावास दो वर्ष से कम नहीं होगा और सात वर्ष तक हो सकता है। इसमें एक जीव की हत्या है। मतलब बच्चा जब गर्भ में आता है तो उसके अंदर जान आ जाती है। यह एक जीव की हत्या है, साथ ही साथ उसकी मां को मनस्ताप दिया जाता है उसको तकलीफ होती है और उसकी सजा दो साल? कौन इसका फैसला करेगा? इसकी सजा तो आजन्म कारावास होनी चाहिए क्योंकि यह एक प्रकार से हत्या ही है और एक महिला, एक मां जो सपना देख रही है उसकी भावना के साथ खिलवाड़ है। वह तो मानसिक रोगी हो जाएगी, पागल हो जाएगी जिसके तीन तीन एबार्शन कराए जाएंगे क्योंकि उनको बेटी नहीं चाहिए। यही कारण है कि आज तक किसी को सजा नहीं मिली। आप पूरे चार्ट उठाकर देख लें, किसी को भी सजा नहीं मिली है। सारे अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। अभी दिल्ली तथा और जगह जो पकड़े गए हैं, वे सब खुले आम घूम रहे हैं। इसका कारण यह है कि इसका एक योग्य प्राधिकरण बनाया गया है और उसका एक सलाहकार बोर्ड भी बनाया गया है। योग्य प्राधिकरण जो बनाया गया है वह रिपोर्ट दर्ज करता है। डायरेक्ट पुलिस में कोई नहीं जा सकता है। तीस दिन की अवधि दी जाती है तब वह मुकदमा कायम हो सकता है। तो इसकी प्रक्रिया बहुत जटिल है। खुद उस प्राधिकरण का कोई कानूनी स्वरूप नहीं है। वह ज्यादा संज्ञान नहीं ले सकता है। इसकी प्रक्रिया जब आप सरल बनाएंगे तभी इसका कोई फायदा हो सकेगा। इसलिए आपसे यह कहना चाहती हूं कि यह जो हत्याकांड है इस पर अगर आप रोक लगाना चाहते हैं तो आपको बहुत कड़े कदम उठाने पड़ेंगे। मैडम, दो मिनट में खत्म कर दूंगी आप घंटी मत बजाइएगा।

साथ ही साथ आपको बहुत से अन्य कदम भी उठाने पड़ेंगे जैसे सरकार के पास कोई जानकारी नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के बार बार मांगने पर इन्होंने कोई रिपोर्ट नहीं दी कि कितने अल्ट्रा साउंड सेंटर चल रहे हैं। ये शहरों से लेकर गांवों तक चले गए हैं। नीम हकीम लोग एक एक अल्ट्रा साउंड मशीन ले लेकर बैठ गए है और जो आता है उससे खुले आम सौदा करते हैं। पोस्टर भी लगाए हैं। चंडीगढ़ में अभी एक पोस्टर पकड़ा गया है। कोई रोक टोक नहीं है। पुलिस भी देखती रहती है। पुलिस को पुराने मूल अधिनियम के अनुसार डायरेक्ट हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार इसमें नहीं है। जो एमटीपी कानून 1972 में बना था उसका उद्देश्य था कि अवांछित गर्भ का समापन कर दिया जाए। लेकिन उसका खुलकर दुरुपयोग हो रहा है। साथ ही साथ 1972-73 में सरकारी अस्पतालों में गर्भपात की संख्या ढाई हजार थी जो 1994-95 में 6 लाख हो गयी। इसमें ज्यादातर महिलाएं थीं। गांवों में कुशल और अकुशल दाइयां, ये सारे लोग घूमकर एकदम खुलेआम धंधा कर रहे हैं। इसलिए आपसे मेरा निवेदन है कि आप इस बिल को व्यापक करिए और हर संबंधित समस्या को इसमें जोड़िए तथा ये मशरूम की तरह बढ़ते हुए जो अल्ट्रा साउंड सेंटर हैं जो खुले आम नानटेक्निकल, नानमेडिकल प्रेक्टिशनर्स ने लगाए हैं उनको रोकिए।

मेरा आपसे एक और अनुरोध है मैडम कि जो एबार्शन कराते हैं उसके बाद जो बच्चे का शरीर होता है उसको ले जाकर कचरे में डाल दिया जाता है। उसको कुत्ते बिल्ली नोचकर खा जाते हैं। मेरा आपसे यह भी अनुरोध है कि इस तरह के भ्रूण जो हैं उनकी अंत्येष्टि का भी कोई इंतजाम कीजिए। अमेरिका वगैरह में भी यह है। कुछ निर्देश है कि इस तरह के बच्चों का शरीर जो है उसको कहां रखा जाए उसके साथ क्या किया जाए। हमारे हिंदुस्तान में यह नहीं है। कुत्ते बिल्लियों के खाने के लिए छोड़ दिया जाता है। इसलिए मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि इसकी अंत्येष्टि के लिए भी आप थोड़ा सा ख्याल करें। डाक्टर और पुलिस इन लोगों को इस नियम के बारे में जानकारी नहीं है। जब जानकारी नहीं है तो इस बारे में क्या करेंगे। इसलिए मेरा आपसे बार-बार अनुरोध है कि एक व्यापक विधेयक लाएं और कड़े कदम उठाकर जितने गैर लाइसेंसधारी हैं उनको आप पकड़ें नहीं तो जैसाकि सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि जहां से अल्ट्रा साउंड मशीनें आती हैं उन उद्योगपतियों से आप वह लिस्ट ले लें और छापा मारकर उसको बंद कर दें । महिला कोई मज़ाक की चीज़ नहीं है । एक महिला की जान जाती है और पुरुष वर्ग उसको देखने का काम नहीं करता है । यह धंधा किसलिए पनप रहा है ? यह इंडस्ट्री क्यों पनप रही है? तंबाकू की इंडस्ट्री पनप रही है, कपड़े की इंडस्ट्री पनप रही है और भ्रूण हत्या भी पनप रही है । क्या यह कोई इंडस्ट्री है ? इससे लोग लखपति हो रहे हैं । एक एबॉर्शन का पांच हजार रुपया ले लिया । चोरी-छिपे जो इलीगल एबॉर्शन होते हैं उनके पांच-पांच, दस-दस हजार रुपये लिए जा रहे हैं । लोग लखपति से करोड़पति हो रहे हैं । उनके पास गाड़ियां हो रही हैं, बंगले हो रहे हैं । मंत्री जी, यह क्या हो रहा है ? आप क्यों नहीं इसे देखते हैं ? आप स्वास्थ्य मंत्री हैं और पहले भी स्वास्थ्य मंत्री हुए हैं । क्यों नहीं इस पर रोक लगाई जाती ? आप बताइये। ... **(व्यवधान)** ... सुझाव ही बता रहे हैं। आपको इसको देखना है । आप लोगों ने नया चॉर्ज लिया है । मुझे उम्मीद है कि आप अवश्य कड़े कदम उठायेंगे ताकि महिलाओं की हत्या बंद हो सके और समाज में महिला-पुरुष का असन्तुलन समाप्त हो सके। एक बार फिर हमें इस समाज से जीने का अधिकार मिले और विज्ञान जो देश की तरक्की कर रहा है, वह हमें भी तरक्की में सहयोग दे और यह समाज दहेज की बुराई से बच जाए। बालिकाएं भी मुस्कराएं, आप भी मुस्कराइये और हम सब मिलकर कदम बढ़ाएं ताकि नारी का भी सशक्तिकरण हो सके और यह जो घृणित व शर्मनाक काम है यह बंद हो सके । इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करती हूं । धन्यवाद ।

THE DEPUTY CHAIRMAN: I hope the Minister is taking it seriously. Shri H. K. Javare Gowda.

SHRI H. K. JAVARE GOWDA (Karnataka): Madam, I welcome this Bill. The objective of the Bill is elimination of abortion by untrained persons and in unhygienic conditions, thus reducing maternal morbidity and mortality. The previous Health Minister had done a good thing by bringing this legislation. The substitution of the word 'lunatic' by the words 'mentally ill person' gives some sort of respect; it presupposes that the mentally ill person can be cured and made normal. The second aspect is that there are innumerable cases of termination of pregnancy being handled by

untrained people in very unnygienic conditions, mostly in slums and villages. It is being done by quacks who are killing women and unborn children. To prevent that and to save the lives of women, the previous Health Minister had brought this Bill and I complement him for that. The procedure has now been made simple, in the sense that power has been delegated to District-level Committees for approving places for medical termination of pregnancy. It is a welcome step. The other point is that there is now a penal provision also. But I would like to say one thing. Despite all this advancement of human civilisation and everything, the condition of our society is still highly deplorable. The medical system has advanced but, the advanced medical system is being misused by certain unscrupulous people. For the sake of money, they are undertaking abortions, in a clandestine manner. What I mean to say is, the philosophy of this male-dominated society is, they want a male child for development of their family. On the one side, we are all pleading and advocating for control of population, but we are not actually controlling our population on expected lines. In Delhi and in other parts of the country, we are getting newspaper reports about killing of female foetus in the womb itself. It is quite alarming. The statistics show that there is a big gap between male and female population. In the years to come, this balance is going to be affected very seriously because the way through which we are getting rid of female child is not natural. In the years to come, there will be a dearth of women in the country.

Madam, the next point I am going to bring to the notice of the hon. Minister is this. It is our responsibility that at the time of first pregnancy of a woman, we should not discriminate between a male child and a female child. At the time of first pregnancy, the doctor treating the woman should specifically tell her whether she has a male child or a female child in her womb. For the first child, there should not be any abortion at all. The question of legal pregnancy and illegal pregnancy should be considered very seriously. Even in illegal pregnancy, risk to life is involved. If an illegal pregnancy is caused, laws should be made and Rules should be amended in such a way that the illegal pregnancy is permitted in legal sense. In case of legal pregnancy, there should not be abortion for the first child whether it is a male child or a female child. So, such a law should be made. If it is not done, then discrimination on the basis of gender will continue. So, this problem will not be solved. What I want to say is this. This Bill alone will not come to the rescue of female child. So, a comprehensive law is required for this purpose.

As far as scientific advancement is concerned, just for money, we are ignoring the traditions and values of human life. For that, those persons who are experts in this field, come forward to terminate it in illegal way. So, they should be dealt with severely. The punishment has been increased from two years to seven years. I demand that the minimum punishment should be enhanced to ten years. There should be no provision of bail for a certain period. If the bail provision is inserted, at least, those persons who are involved in illegal termination of pregnancy should be put behind bars for a minimum of three months. So, if a law is made to that effect, then we can prevent, to some extent, the illegal termination of pregnancy. So, I request the hon. Minister to look into the matter. I once again welcome this Bill. Thank you.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, Ms. Pramila Bohidar. Actually, the time allotted for this Bill is over. As some Members want to speak, so they can speak for two-three minutes.

MS. PRAMILA BOHIDAR (Orissa): Madam, thank you for giving me this opportunity to make my maiden speech in this august House. Right from the beginning, I have been concerned about and associated with the welfare of women. As you are aware, this year being the Women Empowerment Year, in tune with his commitment, our esteemed leader, the Chief Minister of Orissa, has sent two women of our State to this honourable, prestigious House. That means, hundred percent of BJD's share in Rajya Sabha from Orissa has come to women. We thank him for his positive attitude towards women empowerment.

No doubt, women in post - Independent India have made remarkable strides in the fields of science, culture, education, and even in public life, but that is only qualitative achievement, not quantitatively satisfactory. Women constitute fifty per cent of the society, but their general lot is quite deplorable and distressing in this male-dominated society.

When we look at it from the social angle, we generally find that women are always neglected, looked down upon, tortured and humiliated in every place of the society. We have the best examples in our Epics, like Sita in Ramayana, Draupadi in Mahabharata, and Ahalya, who stood dumb like a rock. Life is a tortuous struggle for every woman. Right from the day she is born, she is unwanted. She is treated as a burden by her father and

a curse for the family. In the present environment, a girl child is born in an unwelcome surrounding, and grows up accordingly. Then, finally, she is sold, in the name of marriage. She loses her name, identity and rights all through her life, and even her body. She can't protest in her in-laws' house, and if she does, she is divorced, and more often than not, killed.

Gandhiji held that woman is completely equal to man and practised it in its strict sense. Thousand and millions of women, educated and illiterate, housewives and widows, students and elderly participated in India's Freedom Movement. Gandhiji always advocated for a complete uplift of women, which he called Sarvodaya, meaning, comprehensive progress. Gandhiji said that womanhood was not restricted to the kitchen. He wanted the household responsibility to be shared by men, women and children. He wanted women to outgrow the traditional responsibilities and participate in the affairs of the nation. He criticised India's obsession for a male progeny. He said that as long as we didn't consider girls in the same way as our boys, our nation would be in a dark eclipse. Gandhiji made women development a part of India's freedom struggle.

We all know that a Hindu widow is considered inauspicious. She is stigmatised as a woman who has failed to safeguard her husband's life. According to the 1991 Census of India, there were 33 million widows in India, 8% of the total female population or one out of 13 women. Widows/destitute women live in a very oppressive environment. It is now a burning issue, and, therefore, the Government should pay immediate attention to this. Divorced and destitute women deserve all sorts of help for a decent and secured living.

Some castes prohibit remarriage; others allow it, provided it is within the family. If a widow marries away, she loses all rights to her children, land, etc. It discourages remarriage. A widow is forbidden from wearing clothes of her choice. A widow, on remarriage, deserves to have a share from her husband's property. The law should be amended accordingly.

It is to be noted that, generally, women don't opt for divorce but the circumstances, such as illtreatment, dowry demand, etc. compel them to resort to this extreme step. In some of the cases, false certificates are obtained declaring her an insane lady, in order to get easy legal sanction for divorce.

